

समान नागरिक संहिता देश और समाज के विकास... 02

www.nationalpraharinews.com

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# नेशनल प्रहरी

दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, चंडीगढ़ से एक साथ प्रसारित


देश में कास्ट बेस्ड राजनीति नहीं होनी चाहिए, यह हानिकारक.. 08

RNI No.51594/94 वर्ष-30, अंक- 301, पृष्ठ-8, मूल्य-1 रुपया, फरीदाबाद, रविवार 11 फरवरी 2024 Email: nationalparahari.info@gmail.com

## अग्रवाल महाविद्यालय के शूटरों ने अंतर विश्वविद्यालय शूटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम



**नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह**

**बल्लभगढ़।** गत 5 फरवरी से 8 फरवरी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में चले 10 मी0 एयर पिस्टल व एयर राइफल की पुरुष व महिला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की शूटिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की शूटर शिखा नरवाल बी0ए तृतीय वर्ष व कनिष्का डागर बी0ए प्रथम वर्ष की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। इस अवसर पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय के जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट दिनेश गुप्ता, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता व स्पोर्ट्स कन्वीनर डॉ0 के0एल कौशिक ने शूटरों को बधाई दी व उनके उज्जवल का भविष्य की कामना की। वहीं शारीरिक शिक्षक डॉ0 जगबीर सिंह ने सभी को बताया कि महाविद्यालय के तीन शूटरों का चयन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जो गुवाहाटी में 21 से 29 फरवरी तक आयोजित होंगे में अग्रवाल महाविद्यालय के शूटरों शुभम बीसला, शिखा नरवाल व कनिष्का डागर का चयन हो गया है। इस मौके पर नंदकिशोर व पवन दलाल डीपी उपस्थित थे। सभी ने खेलो इंडिया में चयनित विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।